प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 22.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

- सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन महिला सहित दस माओवादी मारे गए।
- रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना कल तेईस नवंबर को सुबह आठ बजे से शुरू होगी—उन्नीस राउंड में होगी मतों की गिनती।
- ''सुशासन'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आज नवा रायपुर में हुआ समापन—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह हुए शामिल।
- प्रदेश के छः स्वास्थ्य केंद्रों को प्रदान किया गया राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण—पत्र।

माओवादी—मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन महिला सहित दस माओवादी मारे गए हैं। जिले के कोंटा इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी की एक संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान भेज्जी के जंगलों में माओवादियों और सुरक्षा बलों के जवानो के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दस माओवादी मारे गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदराज पी. ने बताया कि सुरक्षा बलों ने घटना स्थल से मारे गए माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। जिनकी जल्द पहचान कर ली जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके साहस की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष दो हजार छब्बीस तक छत्तीसगढ़ से माओवाद को खत्म करने का लक्ष्य दिया है। इसी दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी इस उपलब्धि के लिए जवानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अब बस्तर क्षेत्र में माओवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उपमुख्यमंत्री ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

रायपुर दक्षिण विस–मतगणना

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना कल तेईस नवंबर को सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे से ईव्हीएम मशीनों में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतगणना के लिए चौदह टेबल लगाए गए हैं। यह गणना उन्नीस राउंड में पूरी होगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए एक अतिरिक्त टेबल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के लिए दो सहायक रिटर्निंग अधिकारी और मतगणना के लिए चार अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम को कल सुबह सात बजे सभी प्रत्याशियों और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में खोला जाएगा। मतगणना हॉल में अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के मतगणना एजेन्ट्स को भी उपस्थित रहने की अनुमति होगी। मतगणना हॉल में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे– मोबाईल, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्टवाच, कैमरा, तम्बाकू, गुटखा आदि ले जाना प्रतिबंधित है।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बन्दे ने बताया कि रायपुर नगर दक्षिण उप चुनाव के लिए मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गौरतलब है कि रायपुर नगर दक्षिण विधान सभा उपचुनाव में कुल तीस प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी और कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा के बीच है। इस उपचुनाव में करीब पचास प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल तेईस नवंबर को बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में एक सौ तिरालीस करोड़ रूपये से अधिक के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान सकरी रोड, मिनोचा रोड, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मिनी स्टेडियम, सिटी कोतवाली के पास निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग और अरपा नदी तट पर निर्मित राम सेतु मार्ग का लोकार्पण करेंगे। श्री साय इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में राउत नाचा महोत्सव में शामिल होंगे।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति पर वाणिज्य और उद्योग सचिव रजत कुमार से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल तेईस नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

गुड गवर्नेंस–सम्मेलन

नवा रायपुर में आयोजित ''सुशासन'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ। समापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू करने की घोषणा की।

वहीं, सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि सुशासन का पहला मूलमंत्र है पारदर्शिता और दूसरा है जवाबदेही। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा विजन डॉक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत वर्ष दो हजार सैंतालीस में भारत कैसा होगा और हमारी भूमिका क्या होगी। इसमें युवा अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है।

डॉक्टर सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रशासनिक सुधार के लिए मोदी सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने लगभग दो हजार ऐसे कानून जो प्रचलन में नहीं थे, उन्हें खत्म कर दिया है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रशासनिक सुधार तथा लोक शिकायत विभाग के अपर सचिव पुनीत यादव और देशभर से आए डेढ़ सौ से अधिक प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले प्रदेश के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया है।

गौरतलब है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इन छः स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। इनमें महासमुंद ज़िले का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंबर, नारायणपुर ज़िले का उप स्वास्थ्य केंद्र करमरी और एड़का के साथ ही कांकेर जिले का उप स्वास्थ्य केंद्र अर्रा, तेलगरा और पर्रेकोदो शामिल हैं।

अधिकारी–निलंबित

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग ने रायपुर के तेलीबांधा चौक से वीआईपी चौक तक किए गए निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की है। इस मामले में निलंबित तत्कालीन अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने तेलीबांधा चौक से वीआईपी चौक के बीच बनाए गए डिवाइडर और सौंदर्यीकरण में मेयर इन काउंसिल–एमआईसी के निर्देशों की अवहेलना की थी। निलंबित किए गए अधिकारियों में नगर निगम के तत्कालीन उप अभियंता प्रभाकर शुक्ला, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू शामिल हैं। इसके अलावा तत्कालीन अधीक्षण अभियंता हेमंत शर्मा, कार्यपालन अभियंता शिबुलाल पटेल दोनों सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसलिए पेंशन नियम अनुसार विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं, तत्कालीन जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने का आदेश दिया गया है।

मौसम

प्रदेश में उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके असर से राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के सामरी, मैनपाट और बलरामपुर में न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे प्रदेश में ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो–तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के एक दो जिलों में शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। वहीं, छब्बीस नवंबर से दक्षिण छत्तीसगढ में न्यूनतम तापमान में वृद्धि सम्भावित है।

<><><><><><><><><><><><><><><>